राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पूर्व विधायक श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 12 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने पूर्व विधायक श्री गणेश शंकर विद्यार्थी के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि समाज में बराबरी, सद्भावना और भाईचारा के लिए आजीवन प्रयासरत रहनेवाले तथा कमजोर, विपन्न और अभिवंचित वर्ग की आवाज सदैव मुखर करनेवाले प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राजनीतिक चिन्तक व वयोवृद्ध राजनेता तथा पूर्व विधायक स्व० गणेश शंकर विद्यार्थी के निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोकसंतप्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....